**प्रेस सार**

# भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

**16 नवंबर 2023**

## ऑडिट दिवस 2023 के लिए सीएजी का भाषण

**भारत की माननीय राष्ट्रपति जी, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**

**विशिष्ट अतिथिगण, सहकर्मीगण, देवियों और सज्जनों।**

मैं, भारत की माननीय राष्ट्रपति जी का तीसरे ऑडिट दिवस पर स्वागत करते हुए स्वयं को अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूँ। इस समय देश भर में फैले हमारे कार्यालयों से लगभग 43,000 से अधिक लोग webcast के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

2. ऑडिट दिवस, 16 नवंबर 1860 को भारत के पहले महालेखापरीक्षक की नियुक्ति एवं CAG संस्था की स्थापना के महत्वपूर्ण अवसर की याद दिलाता है।इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को पहचानते हुए, वर्ष 2021 से हम 16 नवंबर को ऑडिट दिवस के रूप में मनाते है। यह दिन हमारी संस्था के मूलभूत मूल्यों की पुष्टि करने, उत्कृष्टता को पहचानने और हमारी सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाने का एक उत्सव है। इस वातावरण में उत्सव की यह भावना हमे अपनी संस्था पर अत्यंत गर्व की अनुभूति कराता है और सार्वजनिक वित्त यानि Public Finance के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का महत्व बढ़ जाता है।

3. जब हम हाल के अतीत पर नजर डालते हैं, तो वहां भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान द्वारा कई मोर्चों पर की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर संतोष एवं संतुष्टि की भावना दिखाई देती है। यह एक ऐसा समय रहा है जहां हमने अपने

संवैधानिक दायित्व को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक Supreme Audit Institutions (SAOs) समुदाय के बीच नेतृत्व की बड़ी भूमिका निभाई है।

4. हमारा hallmark product, जिसे हमारे सभी stakeholders जानते हैं, वह हमारी ऑडिट रिपोर्ट है। ये रिपोर्टें सुशासन को बढ़ाने, संसद और राज्य विधानसभाओं के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही, पारदर्शिता और कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं। हमारे संगठन के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप 2022-23 के दौरान, सरकारी गतिविधियों के सभी पहलुओं को शामिल करने वाली 183 ऑडिट रिपोर्टें संसद और राज्य विधानसभाओं में प्रस्तुत की गईं।

5. जैसा कि हम सभी जानते हैं, देश भर में digital governance के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति एवं बदलाव हुए हैं। इस paradigm shift को ध्यान में रखते हुए, हमने भी technology का लाभ उठाया है। और इस वर्ष हमने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल 2023 से, हमने unique enterprise-wide audit process and knowledge management system (One IAAD One System - OIOS) का उपयोग कर, शत-प्रतिशत डिजिटल ऑडिट प्रक्रियाओं में परिवर्तित हो गए है, जो अब हमारी ऑडिट प्रक्रियाओं के लिए single source of truth होगा। यह उपलब्धि उन लोगों के अनवरत प्रयासों से ही संभव हो पाया है, जिन्होंने इसकी अवधारणा दी, इसे बनाया, एक के बाद एक मॉड्यूल को बड़ी मेहनत से एकसाथ जोड़ा, साहसपूर्वक कार्यान्वयन शुरू किया, लोगों को प्रशिक्षित किया और रातदिन मार्गदर्शन हेतु उपलब्ध रहे। Data Analysis हमारी ऑडिट प्रक्रियाओं की एक स्थायी विशेषता है और नियमित रूप से Drone, Global Positioning System (GPS) और Remote Sensing जैसे उन्नत उपकरणों के उपयोग ने हमें इसमें बारीक अवलोकन करने में सक्षम बनाया है जो पहले संभव नहीं होता।

6. राज्य सरकार की वित्तीय प्रणालियों के साथ हमारे लेखा कार्यालयों के integration ने हमे वित्तीय सूचना प्रवाह और बड़े datasets तक पहुंच प्रदान की है। लेखा कार्यों में data analytics क्षमता विकसित करके हम Accounts और Audit के बीच संबंध को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे, विशेष रूप से वित्तीय सूचना विश्लेषण के लिए। हमारा मानना है कि इससे ऑडिट बेहतर जानकारी के साथ होगा और Public Financial Management outcomes को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

7. जब हम अपने गणराज्य के पचहत्तरवें वर्ष का समारोह मनाने की तैयारी कर रहे हैं, local governance को मजबूत करने और इस प्रकार, जमीनी स्तर के लोकतंत्र को मजबूत करने पर अपना ध्यान केंद्रित करना उचित है। इसी क्रम में, हमने तिहत्तरवें और चौहत्तरवें संवैधानिक संशोधन के कार्यान्वयन पर राज्यों में लेखापरीक्षा की। Local Fund Auditors द्वारा स्थानीय निकायों के लेखाओं को प्रमाणित करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए हमने पंचायती राज संस्थानों की लेखापरीक्षा के लिए दिशानिर्देश जारी किए। हम एक 'International Centre for Local Government Audit & Capacity Building' की स्थापना कर रहे हैं। यह अपनी तरह का पहला ऐसा संस्थान होगा, जो विशेष रूप से स्थानीय शासन और इसके ऑडिट के संबंध में capacity building की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समर्पित होगा।

8. एक विषय जिस पर हमारा विशेष ध्यान है वह है स्थानीय स्वशासन यानि Local Self Government municipalities और पंचायतों के विभिन्न स्तरों पर काम करने के इच्छुक पर्याप्त संख्या में योग्य एवं प्रशिक्षित accountants की अनुपलब्धता, खासकर निचले स्तरों और दूरदराज के इलाकों में। कम पारिश्रमिक और स्थानों की दूरी के कारण चार्टर्ड अकाउंटेंट भी ऐसे कार्यों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए, CAG संगठन और Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत accountants का एक skilled talent pool तैयार करने के लिए एक Certification Course उपलब्ध कराया जाएगा। राज्यों में Local Self Governments के पास अपेक्षित पारिश्रमिक के भुगतान पर अपने खाते तैयार करने के लिए उन्हें नियुक्त करने का विकल्प होगा। यह कौशल विकास पहल न केवल स्थानीय स्वशासन के accounts की समय पर तैयार करने और ऑडिट में सहायक होगी, बल्कि वित्त आयोग के अन्य मानदंडों को पूरा कर के performance grant का लाभ उठाने में भी इन संस्थानों को मदद करेगी। आशा है कि इस पहल से इन स्थानीय संस्थाओं को निर्धारित तरीके से accounts तैयार करने में आवश्यक मदद मिलेगी और इस प्रकार वे नागरिकों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन करने में सक्षम हो सकेंगे।

9. Government Accounting Standards Advisory Board (GASAB) और CAG के कार्यालयों के मार्गदर्शन में “राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के खनिज एवं ऊर्जा संसाधनों पर परिसंपत्ति लेखाओं” पर सफलतापूर्वक कम्पेन्डीअम तैयार किया गया, जिससे sustainability के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण मिलता है। जल संसाधन हमारी अगली प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। GASAB ने जल लेखाओं की tentative tables विकसित की हैं और इस रास्ते पर आगे बढ़ने हेतु आम सहमति बनाने के लिए इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों को भेज दिया गया है।

10. पिछले एक वर्ष में CAG ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। Brazil, Russia, India, China and South Africa (BRICS) और Shanghai Cooperation Organization (SCO) देशों के साथ-साथ G-20 के SAI-20 सहभागिता समूह के लिए SAI मंचों की अध्यक्षता और मेजबानी करते हुए हमें अग्रणी क्षेत्रों के ऑडिट पर सार्थक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझा करने में मदद मिली। ऑडिट में नागरिक भागीदारी, लेखापरीक्षा में उभरती हुई प्रौद्योगिकियों जैसे Artificial Intelligence और Cyber Security को एकीकृत करना, प्रभावशाली Blue Economy का ऑडिट, साथ ही Responsible AI अंतर्राष्ट्रीय वचनबद्धता के विषय थे। अन्य SAI के उदार योगदानों की वजह से हमने Artificial Intelligence और Blue Economy के ऑडिट के SAI अनुभवों पर SAI-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दो संग्रह प्रकाशित किए। यह स्वीकार करते हुए कि ऑडिट एक ज्ञान आधारित गतिविधि है, हमने अपने International Centre for Environment Audit and Sustainable Development में Blue Economy के ऑडिट के लिए Centre of Excellence की भी स्थापना की। यह नवोदित केंद्र पहले ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण और वेबिनार आयोजित कर चुका है।

11. इस वर्ष CAG के पेशेवर कौशल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई, जिसमें हमारे external audit पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए पहली बार International Labour Organisation को शामिल किया गया, साथ ही World Health Organisation (WHO) के external auditor के रूप में हमारा नवीकरण भी किया गया - जो हमारी सेवाओं की गुणवत्ता की पुष्टि करता है।

12. माननीय राष्ट्रपति जी, मैंने पूर्व में कहा कि ऑडिट दिवस उत्कृष्टता को पहचानने और हमारी सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाने का एक अवसर है। यह,

'Catalyst……. in Pursuit of Good Governance' के हमारे वार्षिक प्रकाशन के विमोचन के माध्यम से किया जाता है, जो संगठन में अपनाई गई अच्छी प्रथाओं और innovations का एक संग्रह है; और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ कार्यालयों के साथ-साथ विशिष्ट कार्य करने वाली टीमों की भी पहचान है।

13. हम संस्थान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन बढ़ाने में इसकी भूमिका को अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा एक सप्ताह के सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाते हैं। युवा हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक बहुत ही महत्वपूर्ण हितधारक हैं। उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए, दूसरी द्विभाषी राष्ट्रीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका समापन आज दोपहर बाद पुरस्कार प्रदान करने के साथ होगा। निबंध का विषय ''भारतीय लोकतंत्र का लचीलापन तथा सीएजी की भूमिका'' था। प्रतिक्रिया जबरदस्त थी।

14. माननीय राष्ट्रपति जी, हम एक forward looking संस्थान है जो अपनी उपलब्धियों तक सीमित रहने में विश्वास नहीं रखता। एक knowledge intensive और knowledge driven संस्थान के रूप में, हमने अपने कौशल को और निखारने हेतु कुछ अच्छे सकारात्मक कार्यों की शुरुआत की थी। 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर एक पैनल चर्चा एवं 'ऑडिट रिपोर्टिंग को मजबूती प्रदान करने' पर आधारित एक कार्यशाला ने हमारी कार्य प्रक्रियाओं को मजबूत किया और information technology के सकारात्मक उपयोग हेतु नवीन दृष्टिकोणों की शुरुआत की।

15. हमारे पास हमारे उत्सवों से जुड़े, 'Driving Change 2030: Empowering actions to shape our future' जैसे अति महत्वपूर्ण विषय के साथ महालेखाकार सम्मेलन आज दोपहर से शुरू हो रहा है। इस दौरान हमारा

विचार-विमर्श, 2023-2030 की अवधि हेतु strategic plan और CAG में digital growth एवं आगे की राह पर केंद्रित होगी। चार लक्ष्यों और 10 रणनीतियों वाली strategic plan का उद्देश्य संस्थान को अधिक प्रभावशाली पेशेवर ऑडिट सेवाएं प्रदान करने, उच्च गुणवत्ता और समय पर accounting और entitlement functions को प्रदान करने तथा हमारे हितधारकों के साथ अधिक निकटता से जुड़ने में सक्षम बनाना है।

16. जैसे हम उत्कृष्टता हेतु प्रयत्नशील हैं, ऑडिट दिवस एक सुअवसर है, माननीय राष्ट्रपति जी, आपकी उपस्थिति में संस्थान को बुलंदियों पर ले जाने एवं हमारे motto- **लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा** को कायम रखते हुए देश के नागरिकों की भलाई के लिए निरंतर कार्य करने की राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबध्दता के संकल्प को हम दोहराते हैं।

17. इन्हीं शब्दों के साथ, मैं भारत के माननीय राष्ट्रपति जी का हमारे बीच पुनः स्वागत करता हूं। आपकी यहां उपस्थिति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऑडिट दिवस के अवसर पर इस संस्थान के सभी सदस्यों को भी मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

---

BSC/SS/TT/86-23